देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.02.2026
समय 18.30

**मुख्य समाचार :–**

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभाना है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा–सरकार का उद्देश्य जनहितकारी बजट तैयार करना है, जो प्रदेश की जमीनी आवश्यकताओं और जनअपेक्षाओं के अनुरूप हो।
- उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कल से शुरू। दो लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल।
- देहरादून स्थित लोक भवन में वसंतोत्सव का आयोजन 27 फरवरी से एक मार्च तक होगा। इस वर्ष की वसंतोत्सव की थीम फ्लोरल हीलिंग रखी गई है।
- और, राजधानी देहरादून में पहली बार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कल से शुरु होगा दिव्य कला महोत्सव।

------

**एआई समिट**

गूगल और अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी–सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि गूगल को भारत–अमरीका के बीच एक संपर्क बिंदु के रूप में काम करने पर गर्व है। वे नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भारत–अमरीका के बीच पैक्स सिलिका घोषणापत्र पर हस्ताक्षर के अवसर पर बोल रहे थे।

इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभाना है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत के अलग–अलग राज्यों से छात्र चिप्स डिजाइन कर रहे हैं।

**बजट पूर्व संवाद**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार का उद्देश्य ऐसा जनहितकारी बजट तैयार करना है, जो प्रदेश की जमीनी आवश्यकताओं, क्षेत्रीय विशेषताओं और जनअपेक्षाओं के अनुरूप हो। पौड़ी में आयोजित बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बजट केवल आय–व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित उत्तराखण्ड के निर्माण का रोडमैप है, जिसमें प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

**उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा**

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कल से शुरू होंगी। शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे बिना तनाव के आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा दें। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से भी बच्चों को उत्साहवर्द्धन करने की अपील की। डा. रावत ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिये विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये गये हैं। इस वर्ष प्रदेशभर में 2 लाख से अधिक छात्र–छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

**न्यायालय सुरक्षा**

न्यायालयों की सुरक्षा के संबंध में जारी निर्देशों के अनुपालन में आज प्रदेश के सभी जिलों में न्यायालयों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला प्रभारियों द्वारा न्यायालय परिसरों में बहु–स्तरीय सुरक्षा प्रबंधों की भौतिक समीक्षा की गई और प्रवेश व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा तैनात सुरक्षा बलों की तत्परता का परीक्षण किया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की सघन जांच की गई तथा परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया। प्रभारियों और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन किया गया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

**वसंतोत्सव**

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज राजधानी देहरादून स्थित लोक भवन में 27 फरवरी से शुरु होने वाले वसंतोत्सव–2026 का कर्टेन रेजर जारी किया। इस वर्ष विशेष पोस्टल कवर के लिए भोजपत्र का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि वसंतोत्सव प्रदर्शनी 01 मार्च को सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक आम जनता के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला तथा कृषि आधारित उत्पादों को एक सशक्त मंच प्रदान करता है। इस आयोजन के माध्यम से कारीगरों, किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों और युवा उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का अवसर मिलता है, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

**कला मेला**

राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम के तत्वावधान में कल से देहरादून के रेंजर ग्राउंड में दिव्य कला मेला शुरू होगा, जो कि 1 मार्च तक चलेगा। प्रदेश में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इस मेले का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सीधे बाजार और रोजगार के अवसरों से जोड़ना है।

इस मेले में 13 जिलों के दिव्यांगजन अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन विभिन्न स्टालों के माध्यम से करेंगे। यह जानकारी देते हुए देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

टिहरी जिले में उत्तराखंड वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के रानी चौरी स्थित वानिकी महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. आलोक येवले ने बताया कि यह प्रशिक्षण शीतोष्ण फलों, विशेष रूप से सेब और कीवी की खेती करने वाले किसानों के लिए आयोजित किया गयझं जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने कहा कि उन्हें कार्यशाला में बागवानी के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी प्रदान की गई।

**कुंभ मेला तैयारियां**

कुंभ मेला 2027 को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के लिए शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कुंभ मेला अधिकारी सोनिका ने हरिद्वार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्टेशन श्रद्धालुओं के आगमन का प्रमुख केंद्र होता है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित होना अत्यंत आवश्यक है।

**शिविर का आयोजन**

उत्तरकाशी जिले के दोणी गांव में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के तहत आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल की उपस्थिति में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शिविर में लोगों ने स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से रखा।